# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination - (2025 – 2026)

**Class V / Section: --------** **MM: 80**

**Subject: ----------------** **Time: 2:00 Hrs**

Name: _____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है – खंड 'क' ख, ग और घ |

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए |

खंड 'क'

प्रश्न 1 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | **(1X7 =7 )**

गांधी की माँ पुतली बाई अत्यधिक धार्मिक थीं | उनकी दिनचर्या घर और मंदिर में बंटी हुई थी | वह नियमित रूप से उपवास रखती थी | और परिवार में किसी के बीमार पड़ने पर उसकी सेवा में दिन रात एक कर देती थी | मोहनदास का लालन पालन वैष्णव मत को मानने वाले परिवार में हुआ और उन पर कठिन नियमों वाले जैन धर्म का भी प्रभाव रहा | विद्यार्थी के रूप में गांधी जी एक औसत विद्यार्थी थे | फिर भी उन्होंने पुरस्कार जीता | वह पढाई और खेल दोनों में ही तेज़ नहीं थे | बीमार पिता की सेवा करना घरेलू काम में माँ का हाथ बँटाना और समय मिलने पर दूर तक अकेले सैर करना उन्हें पसंद था |

(i) गांधी जी की माता जी का क्या नाम था ?

क कमली बाई ख सुतली बाई

ग पुतली बाई घ रजनी बाई

(ii) किनकी दिनचर्या घर और मंदिर में बटी हुई थी ?

क गांधी ख पुतली बाई

ग गांधी जी के पिता घ विद्यार्थी

(iii) गांधी जी किस तरह के विद्यार्थी थे ?

क औसत | ख बुद्धिमान

ग कमज़ोर | घ हंसमुख

(iv) गांधी जी के परिवार में किस मत को मानते थे ?

क जैन | ख बौद्ध

ग वैष्णव | घ कठिन

(v) बीमार पिता की सेवा करना किसको पसंद था ?

क पुतली बाई | ख विद्यार्थी

ग गांधी जी के पिता जी | घ गांधी

(vi ) गांधीजी का नाम क्या था ?

क सोहनदास | ख जीवनदास

ग मोहनदास | घ अमनदास

(vii ) गांधी जी की माता जी कैसी महिला थीं ?

क धार्मिक | ख क्रोधी

ग दयालु | घ ईमानदार

प्रश्न 2 प्रश्न 2 काव्यांश को पढ़कर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

ऋतुओं के संग - संग मौसम बदले ,
बदल गया धरा पे जीवन आधार ,
मानव तेरी विलासिता चाहत में
उजड़ रहा है नित प्रकृति का श्रृंगार
दरख़्त बेल घास फूस व झाड़ियाँ
धरा से मिट रहा हरियाली आधार
खोई है गौरैया की चूं - चूं, चीं-चीं
छछूंदर की भी , खो गयी सीटी
मेंढक की अब टर्र - टर्र गायब है
सुनी न कोयल की बोली मीठी
खग, मृग लुप्त हुआ जाता संसार
मिट रहा है मधुकर श्रेणी परिवार

(i) ऋतुओं के संग - संग क्या बदलता है ?

क दिन | ख साल

ग मौसम | घ पत्ते

(ii) विलासिता की चाहत में किसका श्रृंगार बिगड़ रहा है ?

क प्रगति का | ख संस्कृति का

ग आकृति का | घ प्रकृति का

(iii) काव्यांश के अनुसार छछूंदर का कौन सा सामान खो गया है ?

क सीटी | ख तबला

ग बंशी | घ ढोलक

(iv) संसार से क्या लुप्त हो जा रहा है ?

क खग,मृग | ख मगरमच्छ

ग खरगोश | घ भालू

(v) किसकी बोली अब सुनाई नहीं देती ?

क गौरैया | ख छछूंदर

ग कोयल | घ कुत्ते

## खंड 'ख'

प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1X4 =4 )

(i) हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?

(ii) वर्णों के निश्चित क्रम को क्या कहते हैं ?

(iii) भाई को बहन से प्रेम है ( रेखांकित शब्द में संज्ञा का भेद पहचानिए )

(iv) मैं खुद ही खाना बनाती हूँ | ( रेखांकित शब्द में सर्वनाम के भेद लिखिए )

प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1X4 =4 )

(i) विशेषण के कितने भेद हैं ?

(ii) मुझे दो लीटर दूध चाहिए ( विशेषण का भेद लिखिए | )

(iii) जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता उसे कौन सी क्रिया कहते हैं ?

(iv) 'चिड़िया उड़ रही है | ' कौन सी क्रिया का उदाहरण है ?

प्रश्न 5 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

(i) ...........अंतर्राष्ट्रीय भाषा है -

क तमिल ख हिंदी

ग अंग्रेजी घ मराठी

(ii) हिंदी भाषा में व्यंजन की संख्या कितनी है -

क 32 ख 35

ग 34 घ 36

(iii) सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

क 4 ख 6

ग 5 घ 7

(iv) ................ भाषा की सबसे छोटी इकाई है |

क वर्ण ख वचन

ग विचार घ संज्ञा

(v) व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क जयपुर ख मनुष्य

ग फूल घ मिठास

प्रश्न 6 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

(i)'<u>गाय</u> एक पालतू पशु है ' रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है ?

क व्यक्तिवाचक संज्ञा | ख भाववाचक
ग जातिवाचक | घ पदार्थवाचक

(ii) प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है -

क क्या | ख कोई
ग यह | घ तुम लोग

(iii) गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है -

क जवान | ख सौ ग्राम
ग दस हजार | घ वे बच्चे

(iv ) मंदिर का रास्ता किसी से पूछ लेते |( वाक्य में सर्वनाम का भेद बताइए )

क निश्चयवाचक | ख प्रश्नवाचक
ग अनिश्चयवाचक | घ पुरुषवाचक

(v ) जिस क्रिया में कर्म होता है उसे कौन सी क्रिया कहते हैं ?

क क्रिया | ख सकर्मक क्रिया
ग अकर्मक क्रिया | घ नामधातु

खंड 'ग'

प्रश्न 7 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प में ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

जनवरी माह के मध्य में भारत के लगभग सभी प्रांतों में फसलों से जुड़ा कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है | कोई फसलों के तैयार हो जाने के बाद पर ख़ुशी बाँटता है तो कुछ लोग इस उम्मीद में खुश होते हैं कि अब पला कम होगा | सूरज की गर्मी बढ़ने से खेतों में खड़ी फसल

तेज़ी से बढ़ेगी | सभी प्रांतों और इलाकों का अपना रंग और अपना ढंग नज़र आता है | उत्तर प्रदेश बिहार मध्य प्रदेश में मकर सक्रांति या तिल संक्राति, असम में बीहू, केरल में ओणम तमिलनाडु पोंगल, पंजाब में लोहड़ी झारखंड में सरहुल, गुजरात में पतंग का पर्व सभी खेती और फसलों से जुड़े त्योहार हैं | इन्हें जनवरी से मध्य अप्रैल तक अलग अलग समय मनाया जाता है | चार दिनों तक जश्न चलता रहता है |

(i) किस माह के मध्य में फसलों से जुड़ा त्योहार मनाया जाता है ?

क जनवरी ख मार्च

ग फरवरी घ अप्रैल

(ii) किसकी गर्मी बढ़ने से खेतों में फसल तेज़ी से बढती है ?

क हवा ख पानी

ग सूरज घ खाद

(iii ) बीहू कौन से राज्य में मनाया जाता है ?

क गुजरात ख केरल

ग असम घ तमिलनाडु

(iv) पंजाब में फसलों से जुड़ा कौन सा त्योहार मनाया जाता है ?

क बीहू ख मकर सक्रांति

ग लोहड़ी घ सरहुल

(V) कौन से राज्य में सरहुल जोश- खरोश के साथ मनाया जाता है?

क झारखंड ख पंजाब

ग छत्तीसगढ़ घ बिहार

प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ( 2X5 =10 )

क ' फसलों के त्योहार ' पाठ में पापा और चाचा ने कैसे वस्त्र पहने हैं ?

ख इला मन ही मन क्या सोचती थी ?

ग इला पैरों से कौन - कौन से काम करती थी ?

घ पत्र भेजते समय सही पता कैसे लिखना चाहिए ?

ड हूमर कबूतर का जीवन काल कितना होता है ?वे एक दिन में कितने किलोमीटर का सफ़र तय कर सकते हैं ?

प्रश्न 9 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

मचल - मचल सरला कहती है

माँ से लेने को साड़ी

कभी कभी खिलौनेवाला भी माँ

क्या साड़ी ले आता है

साड़ी तो वह कपडे वाला

कभी कभी दे जाता है

अम्मा तुमने तो लाकर के

मुझे दे दिए पैसे चार

कौन खिलौना लेता हूँ मैं

तुम भी मन में करो विचार

तुम सोचोगी मैं ले लूँगा

तोता बिल्ली मोटर रेल

पर माँ यह मैं कभी न लूँगा

ए तो है बच्चों के खेल

मैं तलवार खरीदूंगा माँ

या मैं लूँगा तीर कमान

जंगल में जा किसी ताड़का

को मारूंगा राम समान

(i) सरला मचल - मचल कर क्या लेने को कहती है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | तीर-कमान | ख | गुड़िया |
| ग | तलवार | घ | साड़ी |

(ii) साड़ी कौन लेकर आता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | फलवाला | ख | दूधवाला |
| ग | सब्जीवाला | घ | कपड़ेवाला |

(iii) अम्मा ने कितने पैसे दिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | दो | ख | चार |
| ग | तीन | घ | पाँच |

(iv) बच्चा क्या खरीदना चाहता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | मोटर - गाडी | ख | साड़ी |
| ग | बंशी | घ | तलवार ,तीर |

(v) बच्चा जंगल में किसको मारना चाहता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कंस | ख | दुर्योधन |
| ग | रावण | घ | ताड़का |

प्रश्न 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2 X5 =10 )**

क ‘ एक माँ की बेबसी ’ पाठ को पढ़ते समय आपकी आँखों के सामने कौन कौन से चित्र बनते हैं?

ख रतन कौन था ? वह कहाँ रहता था ?

ग ‘ खिलौनेवाला ’ पाठ में रामचंद्र की कौन - कौन सी बातें अच्छी लगीं ?

घ बच्चा तलवार, तीर - कमान क्यों खरीदना चाहता था ?

ड कवि ने रतन की माँ के बारे में क्या बताया था ?

प्रश्न 11 मिलान कीजिए | (1X5 =5 )

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | लोनपो गार | क | कशीदाकारी |
| ख | इला | ख | जौ के सौ बोरे |
| ग | पिनकोड | ग | पत्र |
| घ | रतन | घ | छह अंक |
| ड | हूमर कबूतर | ड | अदृश्य पड़ोस |

प्रश्न 12 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (1X5 =5 )

( फसल , खिलौना , कशीदाकारी , पिनकोड , माँ )

खंड 'घ'

प्रश्न 13 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (1X5 =5 )

क मोबाइल का उपयोग मददगार या मुसीबत

ख प्रातः काल की सैर

ग विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्व

घ वर्षा ऋतु

प्रश्न 14 कविता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने पर छोटी बहन को बधाई पत्र लिखिए | (5 )

अथवा

अपने मित्र को अपने बड़े भाई की शादी में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए |

---000---